हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
(तिथि 28 फ़रवरी 2025, समय 1305 (5 मिनट)

आज पूरे देश में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जा रहा है। प्रति वर्ष 28 फरवरी को महान भौतिकी विज्ञानी, सर सी वी रमन द्वारा रमन प्रभाव की खोज के उपलक्ष्य में यह दिन मनाया जाता है।उन्हें इस महत्वपूर्ण खोज के लिए वर्ष 1930 में नोबल पुरस्कार से सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर आज देश में विभिन्न विषयों पर आधारित वैज्ञानिक संचार से संबंधित गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर सभी को शुभकामनाएं दी हैं।

***************************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज कुरुक्षेत्र जिले के इस्माईलाबाद और अंबाला में जनसभा को संबोधित किया।मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी इस्माईलाबाद अनाज मंडी में नगर पालिका प्रधान प्रत्याशी मेघा बंसल के समर्थन में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करते हुए इस्माईलाबाद शहर को स्वच्छ, सुंदर और विकसित बनाने की गारंटी दी।उन्होंने कहा कि हरियाणा प्रदेश के शहरों और गांवों का विकास तीन गुणा तेज गति के साथ करेगी। इस सरकार ने लोकसभा, विधानसभा चुनाव से पहले प्रदेश की जनता के साथ जो वादे किए थे, उन वादों को शपथ लेने से पहले ही पूरा करने का काम शुरू कर दिया था।अंबाला में जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा की सरकार अपने एक-एक वायदे को समय रहते पूरा करेगी।उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने अपने 100 दिन के कार्यकाल में लोगों के हित में ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं।

इस्माईलाबाद में सांसद नवीन जिंदल ने भी नगर पालिका प्रधान पद के लिए बी जे पी की प्रत्याशी मेघा बंसल के लिए वोट की अपील की और कहा कि इस्माईलाबाद को स्वच्छ, सुंदर और विकसित शहर बनाने के लिए केन्द्र, राज्य और नगर निकाय सरकार तेजी गति के साथ काम करेगी।

*********************************************************************

हरियाणा विधालय शिक्षा बोर्ड बारहवी कक्षा का अंग्रेजी विषय का पेपर आउट होने के मामले में सख्त कार्रवाई की है। पेपर का फोटो वायरल होने के बाद बोर्ड ने तुरंत अल्फ़ा न्यूमेरिक कोड से पेपर की पहचान करके आरोपी विद्यार्थी परीक्षा केंद्र के सुपरवाइज़र गोपाल दत्त शर्मा के ख़िलाफ़ एफआईआर दर्ज करवाई। यह पेपर पलवल के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सेर आउट हुआ था। बोर्ड ने इस केंद्र पर हुई अंग्रेजी विषय की परीक्षा को रद्द कर दिया है। वही मेवात के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय टपकान से भी पेपर आउट होने की सूचना पर बोर्ड ने इस केंद्र से भी पेपर आउट करने का प्रयास करने वाले तीन विद्यार्थियों के खिलाफ मामला दर्ज किया।बोर्ड के सहायक सचिव कुलदीप सिंह रेढू ने बताया कि पहले दिन अन्य सभी परीक्षा केंद्रों पर अंग्रेजी विषय का पेपर सही ढंग से हुआ और कल नक़ल से संबंधित कुल 37 मामले दर्ज किए गए।

*********************************************************************

हरियाणा सरकार ने किसानों से जींद जिले में 20 फरवरी को हुई बारिश व ओलावृष्टि के कारण फसलों के नुकसान का ब्यौरा क्षतिपूर्ति पोर्टल पर दर्ज करने का आह्वान किया है। यह पोर्टल 10 मार्च तक खुला रहेगा।सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि जींद के उपायुक्त द्वारा दी गई रिपोर्ट अनुसार जिला जींद के गांव आसन, खरक राम जी, चाबरी, नेपेवाला, कोयल, बहादुरपुर और सण्डील आदि गांवों में 20 फरवरी को बेमौसमी बारिश के कारण फसलों को नुकसान हुआ है।

जींद जिले के किसान अपनी खराब फसल की जानकारी क्षतिपूर्ति पोर्टल पर 10 मार्च तक दर्ज कर सकते हैं।इस पोर्टल के माध्यम से मुआवजा राशि "मेरी फसल-मेरा ब्योरा" पोर्टल पर उपलब्ध करवाए गए काश्तकार के सत्यापित बैंक खाते में सीधे जमा करवाई जाती है।

*********************************************************************

खेल और शिक्षा के लिए बुनियादी ढांचे को बढ़ाने की दिशा में आगे बढ़ते हुए, चंडीगढ़ प्रशासन के अभियांत्रिकी विभाग ने चंडीगढ़ के सेक्टर 8 स्थित राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में लगभग 7000 वर्ग फीट के क्षेत्र में 70 लाख रुपये की लागत से अत्याधुनिक एक बास्केटबॉल कोर्ट का निर्माण किया है। सरकारी विज्ञप्ति में कहा गया है की इस पहल का उद्देश्य खेलों को बढ़ावा देना और एथलीटों को स्कूल स्तर पर विश्व स्तरीय सुविधाएं प्रदान करना है।नवनिर्मित कोर्ट में इंटरनेशनल बास्केटबॉल फेडरेशन द्वारा अनुमोदित सिंथेटिक PU फ़्लोरिंग का प्रयोग किया गया है।

*********************************************************************

हरियाणा के राज्य चुनाव आयुक्त  धनपत सिंह ने मतदाताओं से 2 मार्च को होने वाली शहरी स्थानीय निकाय चुनाव में बढ़ चढ कर मतदान करने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा है कि मतदान के लिए मतदाता का नाम सम्बन्धित नगर निगम/ नगर परिषद अथवा नगरपालिका की मतदाता सूची में दर्ज होना आवष्यक है। सभी मतदाताओं को मतदान करने के लिए अपने साथ फोटो युक्त पहचान पत्र लेकर आना होगा। उन्होंने कहा कि मतदाता पत्र के अलावा अन्य वैकल्पिक पहचान पत्र दिखाकर भी मतदान किया जा सकेगा।